प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चत्र नवरात्र और रामनवमी पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिये विशेष व्यवस्थाएं करने के दिये निर्देश : कहा– पूरे प्रदेश में 24 घंटे करें निर्बाध बिजली आपूर्ति।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
3. केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों संग की बैठक : लाइन लॉस की रोकथाम पर की गई विस्तृत चर्चा।

और

4. प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने आज उत्कृष्ट शिल्पकारों और उद्यमियों को किया सम्मानित : माटीकला के उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर दिया जोर।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अधिकारियों के साथ वासंतिक नवरात्र और श्रीरामनवमी से सम्बन्धित तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि चैत्र रामनवमी के मंगलमयी उपलक्ष्य पर सभी जनपदों में चौबीस घंटे का रामचरितमानस का अखण्ड पाठ कराया जाए।

उन्होंने कहा कि पांच अप्रैल की दोपहर से प्रारम्भ होकर अखण्ड मानस पाठ की पूर्णाहुति रामनवमी के दिन छः अप्रैल को दोपहर बारह बजे श्रीरामलला के सूर्य तिलक के साथ होना चाहिए। एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्रों में प्रदेश के प्रमुख देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में तथा सूर्य तिलक का दर्शन करने अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने नवरात्र के दिनों में पूरे प्रदेश में निर्बाध 24 घंटे बिजली आपूर्ति किये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिरों के आसपास अंडा, मांस इत्यादि की दुकानें नहीं होनी चाहिए, साथ ही कहीं भी अवैध स्लाटरिंग न हों। मुख्यमंत्री ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाने और पुलिस को भीड़ प्रबंधन तथा पैदल मार्च करने के भी निर्देश दिये। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न चेटी चन्द भगवान झूलेलाल जयंती, भारतीय नव सम्वत्सर और चत्र नवरात्र पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी की सुख–समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना की है।

————————

कल से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र पर बलरामपुर के देवीपाटन मंदिर, सहारनपुर के शाकुम्भरी देवी मंदिर और मिर्जापुर के विन्ध्यावासिनी देवी धाम के साथ ही अन्य प्रमुख देवो मंदिरों और शक्तिपीठो पर श्रद्धालुओं के लिये प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। वहीं जौनपुर मैहर देवी दर्शन के लिये आने वाले श्रद्धालुओं के लिये मैहर रेलवे स्टेशन पर गोदान और ताप्ती गंगा एक्सप्रेस का

ठहराव कल से 11 अप्रैल तक किया जायेगा। पेश है बलरामपुर प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*जनपद बलरामपुर के देवीपाटन शक्ति पीठ पर कल 30 मार्च को प्रातः काल में विशेष पूजन अर्चन के साथ चैत्र नवरात्रि का दर्शन पूजन प्रारंभ हो जाएगा, जिसके लिए मंदिर प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। चैत्र नवरात्रि के मेले को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर और मेला स्थल का निरीक्षण किया। कल से ही एक माह तक चलने वाला प्रसिद्ध देवी पाटन मेला भी प्रारंभ हो जाएगा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई, यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने ओम अग्रवाल ने बताया कि.....*

*मेला क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से दो जोन और बारह सेक्टर्स में डिवाइस किया जायेगा। लगभग पांच सौ सफाई कर्मी विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में लगाये जायेंगे, 6 पार्किंग का इंतजाम किया गया है। इसके अतिरिक्त पर्याप्त मात्रा में पेयजल और स्वच्छता के लिये डस्टबिंस और अदर सभी चीजों का इंतजाम किया गया है।*

*रामकुमार मिश्र, आकाशवाणी समाचार, बलरामपुर।*

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

मन की बात का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चनल पर भी

किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

———————

केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद यसो नाइक की उपस्थिति में आज लखनऊ में ऊर्जा जरूरतों पर केन्दित बैठक आयोजित की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु के ऊर्जा मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि बैठक में लाइन लॉस की रोकथाम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर जलने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी होगी और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान श्री शर्मा ने गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का आश्वासन भी दिया। बाइट.....

*पॉवर सेक्टर में क्या–क्या रिफार्म करना चाहिये, क्या तबदीलियां लानी चाहिये कैसे हम इसको और सुदृढ़ बनावे इन सारी बातों में गहन चर्चा हुई है और आशा रखता हूं कि इस चर्चा के साथ इस ग्रुप की रिपोर्ट अगले मीटिंग के बाद तैयार होगी और उसमें भारत सरकार को हम लोग बहुत सारे सुझाव इस ग्रुप के द्वारा दिये जायेंगे, जिससे बहुत ही दूरगामी सुधार हो पायेंगे ऊर्जा के क्षेत्र में और हमारा देश जो प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में हम आगें बढ़ चुके है उसमें और भी बेहतरी के साथ भारत ऊर्जा के क्षेत्र में या बिजली के संकट से यूं कहे हमेशा–हमेशा के लिये निकट जायेगा।*

———————

# ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पिछले तीन साल में विधानसभा में बहुत बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि 18वीं विधानसभा के दौरान ही नए विधान भवन की नींव रखी जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष अपने तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के अवसर पर आज लखनऊ में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे, इस दौरान उन्होंने अपनी तीन साल की उपलब्धियां गिनाईं और विधानसभा के बदलते परिदृश्य की प्रशंसा की।

———————

प्रदेश सरकार ने पारंपरिक कारीगरों को प्रोत्साहन देने के लिए आज लखनऊ के गांधी भवन प्रेक्षागृह में राज्य स्तरीय माटीकला एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार वितरण समारोह–2025 का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने

किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार माटीकला और खादी उद्योग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सुधार और रोजगार सृजन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सचान ने पॉलीथीन के विकल्प के रूप में माटीकला उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर उत्कृष्ट शिल्पकारों और उद्यमियों को सम्मानित किया गया। माटीकला श्रेणी में आजमगढ़ के आनंद कुमार प्रजापति को प्रथम पुरस्कार, अयोध्या के राम सजीवन प्रजापति को द्वितीय पुरस्कार और कानपुर देहात के विपिन कुमार को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

--------

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आज विश्व टीबी दिवस कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कौशांबी, हरदोई, देवरिया, कुशीनगर नगर और गोरखपुर सहित अन्य जनपदों में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों के साथ स्वास्थ्य एवं पंचायत कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधानों को टीबी के बारे में जागरूक भी किया गया।

--------

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अतंर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से जम्मू कश्मीर के श्रीनगर के लिये सीधी उड़ान सेवा कल से प्रतिदिन के लिये शुरू होगी, जबकि इसका आगमन लखनऊ में सोमवार से शनिवार तक होगा। उड़ान का संचालन इंडिगा एयरलाइन द्वारा किया जायेगा।

वहीं आज से लखनऊ–नागपुर के बीच चलने वाली सीधी उड़ान बंद की जा रही है। यात्रियों की घटती संख्या को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

————————

आईपीएल क्रिकेट में आज शाम साढ़े सात बजे अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स का मुकाबला मुम्बई इंडियंस से होगा। दोनों ही टीमें अपने शुरूआती मैच हारने के बाद यह मैच जीतकर वापसी करने की कोशिश करेंगी।

————————

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के चलते चल रही ठंडी हवाओं के कारण आज तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गई, लेकिन दोपहर में तेज धूप निकली। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के बाद अधिकतम तापमान में तीन से पांच और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना जताई है। विभाग ने बताया कि आगामी चार अप्रैल तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

(समाप्त)